(x) Need to obtain environmental clearance for construction of a road between Khejramati and Bahadurpur under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : मेरे संसदीय क्षेत्र सागर (म.प्र) के राहतगढ़ विकास खंड के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा खेजरामाफी से बहादरपुर मार्ग को पैकेज क्रमांक 3313 में 7.25 कि.मी. मार्ग के लिए स्वीकति दी गई थी । इस बारिश के दिनों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है । इस 7 कि.मी. की दूरी को पैदल पार करना भी कठिन हो जाता है । पहाड़ों एवं जंगलों के बीच होने से कई रोगी अस्पताल नहीं पहुंच पाते, रास्त में ही दम तोड़ देत हैं । वन विभाग द्वारा इस मार्ग के निर्माण के लिए अभी तक अनमति नहीं दी गई है । इसी बीच जानकारी प्राप्त हुई है कि शासन ने इस मार्ग के निर्माण को बंद कर इसके स्थान पर अन्य तीन मार्गों के निर्माण को स्वीकति दे दी है जिससे इस मार्ग के गांवों में पुनः घोर निराशा एवं आक्रोश की स्थिति निमित हो गई है ।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनरोध है कि खेजरामाफी से बहादरपुर मार्ग के निर्माण संबंधी वन विभाग की अनमति दिलाने तथा शीघ्र ही सड़क बनवाने का सहयोग करें ।